उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 17.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा नई पहल के तहत की जा रही जनसुनवाई, जनसुनवाई के दौरान गूगल मीट के माध्यम से जुडे हुये थानों को पीडितों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में दिये आवश्यक निर्देश..

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद महोबा में नई पहल के तहत जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये निरंतर गम्भीरता पूर्वक जनसुनवाई की जा रही है, जिसके क्रम में आज दिनांक 17.03.2023 को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा गूगल मीट की गयी जिसमें जनपद के प्रत्येक थाने के दिवसाधिकारी जुड़े रहे, इस दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं को लेकर आये उनसे उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया जिसके क्रम में फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण के लिये पुलिस अधीक्षक द्वारा गूगल मीट के जरिये थानों के दिवसाधिकारियों को पीड़ित की समस्या का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने/कराये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये ।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाये जाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में सभी अधीनस्थों को निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर पर हो सकता है उन सभी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण थाना स्तर पर ही कराना सुनिश्चित करें ।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 17.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन महोबा अवस्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी, परेड, डायल 112/बंदी वाहनों का किया गया निरीक्षण व पुलिस लाइन का भ्रमण कर संबंधित को किया गया निर्देशित।

आज दिनांक 17.03.2023 को शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन अवस्थित परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली गई सलामी ग्रहण करने के उपरांत महोदय द्वारा पुलिस बल को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गई एवं टोली बार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए पुलिस कर्मियों को परेड ड्रिल के संबंध में आवश्यक जानकारियां प्रदान की गयी ।

तत्पश्चात यूपी 112 पीआरवी वाहनों व बंदी वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित को पीआरवी/बंदी वाहन के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया।

इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित बैरक एवं पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह को साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया ।



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 17.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे निरंतर सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 17.03.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री गणेश कुमार गुप्ता द्वारा गठित संयुक्त टीम, उ.नि. देवेन्द्र पाण्डेय द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र सुरेशचन्द्र राजपूत उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम लुहेडी थाना श्रीनगर जनपद महोबा को सम्बन्धित केस नं. 190/2021 धारा 125(3) द0प्र0सं0 में गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में उ.नि. राजेश कुमार द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त बद्री पुत्र वंशी रैकवार उम्र करीब 43 वर्ष, सम्बन्धित मु.सं. 2236/2020 व मु.अ.सं. 14/2019 धारा 60 आब0अधि0 में गिरफ्तार किया गया, बाद गिरफ्तारी आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 देवेन्द्र पाण्डेय 2. उ0नि0 राजेश कुमार

3. हे0का0 जगवीर सिंह 4.का0 वीरेन्द्र सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.धर्मेन्द्र पुत्र सुरेशचन्द्र राजपूत उम्र करीब 27 वर्ष ग्राम लुहेडी थाना श्रीनगर महोबा

2. बद्री पुत्र वंशी रैकवार उम्र करीब 43 वर्ष निवासी ग्राम भण्डरा थाना श्रीनगर महोबा






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 17.03.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की गयी, लम्बित विवेचनाओं की अधतन स्थिति का अवलोकन कर कानून व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश..

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा आज दिनांक 17.03.2023 को पुलिस अधीक्षक आवास अवस्थित कैंप कार्यालय में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुये जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की अधतन स्थिति का अवलोकन कर गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने/करवाने हेतु निर्देशित किया गया तथा सभी के सर्किलवार लक्ष्य निर्धारित किये गये।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मां0 सीएम हेल्पलाइन/आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने तथा लम्बित प्रार्थना पत्रों की स्थिति, लम्बित सी0एस0/एफ0आर0 की स्थिति, लम्बित विवचनाओं/प्रारम्भिक जांचों की समीक्षा, शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की गयी साथ ही शेष लम्बित अभियोगों की समीक्षा कर अभियोगों के अनावरण करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल मौजूद रहे।






प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 17.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक **17.03.2023** को श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में एंव अपर पुलिस अधीक्षक महोबा आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद के संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी तथा व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनको अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने व अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील, स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी ।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी । स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई ।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए व यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर वाहनों के **65** ई-चालान किये गये ।





महोबा पुलिस